# सोलर इंडस्ट्री की सबसे बड़ी प्रदर्शनी का हुआ आगाज

संवाद न्यूज एजेंसी

## डिफेंस एक्सपो मैदान में लगी प्रदर्शनी का डिप्टी सीएम ने किया उद्घाटन

लखनऊ। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की तरफ से लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में शुक्रवार को तीन दिवसीय सोलर एनर्जी एंड ई-व्हीकल प्रदर्शनी का आगाज हुआ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और औद्योगिक विकास सलाहकार समिति के सदस्य तारिक नकवी ने उद्घाटन किया।

इनके साथ पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के निदेशक राकेश संगराई व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने पूरी प्रदर्शनी में कंपनियों से जानकारी ली।

प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर की सौर ऊर्जा व ई-व्हीकल की यह सबसे बड़ी प्रदर्शनी है। संगठन के डायरेक्टर ट्रेड एंड फेयर अरुण गुप्ता ने बताया कि प्रदर्शनी में सोलर बैटरी, इन्वर्टर व ई-व्हीकल की 100 से ज्यादा नामी गिरामी कंपनियों ने हिस्सा लेकर उच्च गुणवत्ता के नवीनीकरण ऊर्जा, सोलर पैनल, चार्जिंग स्टेशन, बैटरी तकनीक व ई-व्हीकल वाहनों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का मकसद कंपनियों व लोगों के बीच की दूरी कम करना है। प्रदर्शनी में निशुल्क प्रवेश है। शनिवार व रविवार को भी सुबह 10 से शाम 6 बजे तक प्रदर्शनी जारी रहेगी।



प्रदर्शनी देखते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। -अमर उजाला